प्रारुप

"संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अधीनस्थ स्वायत्तशासी संस्था भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ में निदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करने के संबंध में सूचना

विज्ञापन संख्या-ई-3/2024, **दिनांक - 07 अक्टूबर, 2024**

संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत संचालित भारतेन्दु नाट्य अकादमी,लखनऊ में सीधी भर्ती के माध्यम से निदेशक पद हेतु योग्य आवेदकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र0	संस्थान का नाम	वेतनमान	आयु सीमा	अर्हता
1-	भारतेन्दु नाट्य अकादमी , लखनऊ।	ग्रेड पे-8700 (पे मैट्रिक्स में लेवल-13)	30-55 वर्ष	(क) भारत में स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से नाट्य विधा में कम से कम 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि। (ख) सम्बन्धित विषय में डाक्टरेट की उपाधि । (ग) विश्वविद्यालय / कालेज/ प्रतिष्ठित संस्थान में सम्बन्धित कार्यक्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव

(2) अभ्यर्थी में उच्च कोटि की क्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता, एवं संस्थागत वचनबद्धता के साथ ठोस प्रशासनिक अनुभव भी होना चाहिए।

आयु- सीधी भर्ती हेतु आवेदक की न्यूनतम आयु 30 वर्ष एवं अधिकतम आयु 55 वर्ष से अधिक न हो।

निदेशक पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संस्कृति निदेशालय की वेबसाइट upculture.up.nic.in पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन तथा जीवनवृत्त निदेशक, संस्कृति निदेशालय, नवम् तल, जवाहर भवन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश को दिनांक 02 दिसम्बर, 2024 तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट /कोरियर अथवा ईमेल आई.डी culture.up@nic.in पर प्रेषित कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

(प्रमुख सचिव)
संस्कृति विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन'।